महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 60वीं बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 24.01.2019 को एमसीएल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 60वीं बैठक श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबं.प्रशि.सं./ राजभाषा/ मासंवि), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि एमसीएल भारत सरकार की राजभाषा नीति का पूर्णतया अनुपालन करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

हमें अपने कार्यालय का अधिकांश कार्य राजभाषा हिंदी में करना चाहिए, जिससे केंद्रीय सरकार द्वारा एमसीएल को सौंपे गए राजभाषा कार्यान्वयन के दायित्व का पूरी तरह निर्वाहन हो। कार्यालयों में नियमानुसार बैठकें एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना चाहिए,इससे कार्यालय विशेष के कार्मिकों को राजभाषा कार्यान्वयन में आनेवाली दिक्कतों को सुलझाने में मदद मिलती है। कार्यशाला किसी भी विषय पर की जा सकती है जिसमें कार्यवाही मूल रूप से हिंदी में हो।

श्री बी.आर.साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),एमसीएल ने अध्यक्ष महोदय के साथ-साथ समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक द्वारा एमसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में चलाए जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। डॉ शर्मा ने भी क्षेत्रों में नियमानुसार राजभाषा कार्यशाला एवं तिमाही कार्यान्वयन समिति की बैठक के नियमित आयोजन को प्रासंगिक बताया।

श्रीमती तूलिका बिश्वास,प्रबंधन प्रशिक्षु,राजभाषा विभाग, मुख्यालय ने बैठक का संचालन करते हुए दिनांक 30.10.2018 को सम्पन्न पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की । इसके साथ पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से सितंबर एवं दिसंबर,2018 तिमाहियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी समीक्षा अध्यक्ष महोदय के समक्ष की गई।

बैठक में डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष/ नामित राजभाषा अधिकारीगण,क्षेत्रीय मुख्य राजभाषा अधिकारी/ नामित राजभाषा अधिकारी तथा सहायकगण बैठक में उपस्थित हुए।

उपरोक्त बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। श्रीमती तूलिका बिश्वास,प्रबंधन प्रशिक्षु(राजभाषा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

MCL

डॉ. हरिश्चंद शर्मा
श्री डी.सी.त्रिपाठी

डॉ. हरिश्चंद शर्मा

MCL